तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

12 कोंडागांव के 301 बिहान समूहों को 11 करोड़ से ...



12 पिता, पुत्र और भतीजे की एक साथ जली चिता दो भाइयों ...





खबर संक्षेप

### अवैध धान परिवहन रोकने बनाए गए पांच चेक पोस्ट



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड में अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए 5 चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। जो ओडिशा प्रांत सीमा से लगे हुए हैं। कोलावल बदलावंड, पोटियावंड, नलपावंड तथा तारापुर में स्थापित किए गए हैं। जहां 24 घंटे निगरानी की जा रही है। राजस्व विभाग, वन विभाग, होमगार्ड और कोटवार को निगरानी दल में शामिल किया गया है। इस संबंध में बकावंड एसडीएम मनीष वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच चेक पोस्ट में सतत निगरानी की जा रही है। अवैध धान परिवहन की शिकायत पर भी दे सकते हैं।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक ने बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**बकावंड।** ब्लॉक कांग्रेस बकावंड एवं करपावण्ड के बी एलए प्रशिक्षण के लिए सदभावना भवन में संभाग प्रभारी पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं में जोश भरा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण प्रेमशंकर शुक्ला,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम बिसाई, सोनाधर बघेल, गणेश राम बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, जगमोहन बघेल,मोना पाढ़ी,तुलाराम सेठिया,नित्या चंद्राकर,निर्मला कश्यप एवं सभी मंडल अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 2 परिवारों को दी गई 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील बस्तानार ग्राम मूतनपाल निवासी बिजलू की मृत्यु सर्पदंश से पिता जनकू तथा तहसील बकावण्ड ग्राम पीठापुर निवासी त्रिलोचन की मृत्यु पानी में डूबने से पिता लोकुराम को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का राज्य स्तरीय आवास मेला 23 से

**जगदलपुर।** अपने सपनों का आशियाना प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला 23 से 25 नवंबर बीटीआई ग्राउंड रायपुर में किया जाएगा है। हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा एवं उपआयुक्त जीपी प्रजापति ने जानकारी दी।

# उपभोक्ताओं पर 2.30 अरब का बिजली बिल बकाया, कटेंगे कनेक्शन

## डिस्कनेक्शन अभियान पर बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों में पहुंचेंगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर दो अरब 30 करोड़ 75 लाख रूपए का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से शासकीय विभाग पर एक अरब 56 करोड़ 88 लाख एवं निजी उपभोक्ताओं पर 73 करोड़ 87 लाख रूपए का बिल लंबित है। इसकी वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने सातों जिलों में डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया। जिसमें से विद्युत वितरण केन्द्रों में दो टीमें और जोन में 3 टीमें गठित किया जा रहा है, जो सुबह से शाम तक बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों एवं शासकीय कार्यालयों में पहुंचेंगी।

बकाया का भुगतान नहीं करने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काटा जाएगा। टीम में कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता नेतृत्व करेंगे। इस पर शहर के गीदम रोड स्थित विद्युत कंपनी के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में कार्यपालक निदेशक ने अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंताओं की बैठक ली, जिसमें कहा कि बकाया वसूली जोर-शोर से करें। साथ ही शासकीय विभागों को नोटिस दी जाएगी कि बकाया का शीघ्र ही भुगतान करें।

### निरंक पर होगा सम्मान

ईडी ने कहा कि बकाया निरंक करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को कंपनी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसलिए बकाया की वसूली उपभोक्ताओं घरों, प्रतिष्ठानों में पहुंचकर एवं मोबाइल से चर्चा करें, जिससे बकाया का भुगतान हो सके।



### डिस्कनेक्शन अभियान तेज करें

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि डिस्कनेक्शन अभियान तेज करें। लापरवाही होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पूवर्ती में दो दिन के सन्नाटे के बाद शव आते ही उमड़े लोग

# एक किमी लंबी यात्रा के बाद आदिवासी रीति रिवाज से हिड़मा और राजे का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

एक करोड़ से अधिक के ईनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर माड़वी हिड़मा व उसकी पत्नी डीकेएसजेडसी राजे का शव पूवर्ती पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इससे पूर्व दो दिन तक उसके घर में परिवार की गिनती की महिलाएं व कुछ बच्चे ही मौजूद थे और पूरा घर व आस पास के इलाके में सन्नाटे के अलावा कुछ नहीं था, लेकिन तीसरे दिन गुरूवार सुबह शव पहुंचते ही आस पास के आधा दर्जन गांव से पहुंचे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हिड़मा की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। इसके आधे घंटे बाद ही आदिवासी रीति रिवाज के साथ दोनों की अंतिम यात्रा निकाली गई। एक किमी लंबी यात्रा मरघट पहुंचने के बाद दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

गौरतलब है कि 18 नवंबर को आंध्रप्रदेश के ग्रेहाउण्डस पुलिस ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुई मुठभेड़ में टॉप नक्सली लीडर माड़वी हिडमा और उसकी पत्नी राजे समेत 6 नक्सलियों को मार गिराया था। दोनों के एनकाण्टर की खबर सबसे पहले नक्सल संगठन के लोगों ने ही उसके घर पर दी, जिसके बाद हिड़मा के भाई मुईंया व गांव के सरपंच शव लेने के लिए आंध्र के लिए मंगलवार दोपहर को रवाना हुए थे। दोनों के पीएम के बाद आंध्रप्रदेश से शवों को पिकअप वाहन से गुरूवार को पूवर्ती लाया गया। इससे पहले शव पहुंचने की सूचना पूवर्ती के अलावा जबगट्टा, टेकलगुडेम व आसपास के गांव में दी गई थी। जिसके चलते महिला, पुरुष व युवा बड़ी ▶▶ शेष पेज 12 पर



### शव से लिपटकर रोई सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोढ़ी ने कहा- हिड़मा की हत्या हुई वह क्रांतिकारी था

हिड़मा का शव उसके भाई के घर पहुंचते ही सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोढ़ी और परिवार के सदस्य उसके शव से लिपटकर रोते दिखाई दिए। सोनी सोढ़ी ने हिड़मा के शव पर काली पेंट व शर्ट चढ़ाया, जबकि पत्नी राजे के शव को लाल साड़ी से लिपटाया गया। वह हिड़मा के शव से लिपटकर रोती रही। उसने कहा कि हिड़मा उसका भाई था और वह एक क्रांतिकारी था। उसने कहा कि देवजी की गिरफ्तारी दिखाई गई, जबकि हिड़मा आदिवासी था इसलिए उसकी हत्या कर दी गई। घर से श्मशान घाट तक वह हिड़मा के शव को पकड़कर चलती दिखाई दी। वहीं गांव के कुछ युवाओं ने बताया कि उसने कभी हिड़मा को नहीं देखा था, लेकिन उसके यदाकदा गांव आने की सूचना मिलती रहती थी।

### हिड़मा का नक्सल सफर

सुकमा जिले के पूर्वती गांव में एक आदिवासी परिवार में हिड़ा का जन्म हुआ था। वह 16 साल की उम्र में नक्सल संगठन में शामिल हो गया था। नक्सल कैम्प में ही उसने उसने पढ़ाई लिखाई के अलावा नक्सल गतिविधियां सीखी इसके बाद प्रशिक्षण पूरा होते ही उसकी पहली पोस्टिंग महाराष्ट्र के गढ़चिरौली इलाके में हुई। हिड़मा सेंट्रल कमेटी का सबसे युवा सदस्य था। हिड़मा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की बटालियन नम्बर एक का चीफ और माओवादी स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) का भी सदस्य था। हाल ही में उसे संगठन की 21 सदस्यीय सेंट्रल कमेटी में शामिल किया गया था। हिड़मा कई बड़े नक्सल घटनाओं में शामिल रहा है। झीरम, ताड़मेटला, बुरकापाल जैसे बड़े हमले का वह मास्टर माईंड था, जिसमें 3 सौ से अधिक जवानों की शहादत हुई थी। वहीं उसे सैकड़ों निर्दोष ग्रामीणों की मौत का जिम्मेदार भी माना जाता है। सबसे बड़े ताड़मेटला हमले में भी वह शामिल था, जिसमें 76 जवानों की शहादत हुई थी। वर्ष 2019 में रमन्ना की मौत के बाद हिड़मा को बटालियन नम्बर एक का चीफ बना दिया गया था।

# अंग्रेजों से लड़ते हुए बोडो भगत का पूरा परिवार हुआ था शहीद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला का आयोजन

शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय एवं नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आज कार्यशाला एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जनजातीय समाज के वीर शहीदों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पश्चात मुख्य अतिथि बलराम मौर्य एवं मुख्य वक्ता यज्ञ सिंह का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम संयोजक वैष्णवी मांडवी ने प्रस्तावना दी। उसके बाद प्राचार्य डॉ.राजीव गुहे का उद्बोधन हुआ। बलराम मौर्य ने बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने तिलका मांझी, झाड़ा सिरहा वीर शहीदों के बारे में भी बतलाया। यज्ञ सिंह ने अपने वक्तव्य में पूरे देश के जनजातीय समाज के वीर शहीदों के बारे में बताया। उन्होंने कहा अंग्रेज सरकार ▶▶ शेष पेज 12 पर

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

कार्यशाला के अंतिम चरण में पुरस्कार वितरण हुआ। जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर महाविद्यालय में रंगोली, चित्रकला, वेशभूषा, लोकगीत, लोक नृत्य तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ.प्रिंसी दुग्गा ने किया। सह संयोजक ज्योति त्रिपाठी ने आभार प्रदर्शन किया।

# विवादित भूमि में बना परिवहन विभाग का धर्मकांटा, अब हटाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ लाखों रुपए की लागत से बनाया गया हो गया बेकार

शासन के लाखों रुपए की लागत से एक वर्ष पूर्व बस्तर जिले के धनपूंजी स्थित बेरियर में परिवहन विभाग ने वाहनों के ओव्हरलोड पर शिकंजा कसने के लिए धर्मकांटा का निर्माण किया गया। जिस जमीन पर धर्मकांटा बनाया गया वह जमीन विवादित होने के चलते धर्मकांटा अब तक शुरू नहीं किया गया। इसके चलते विभाग शासकीय राशि अनुपयोगी हो गई और धर्मकांटा बेकार हो गया। बेरियर का कार्यालय भवन एवं आवास हटाया गया, अब धर्मकांटा को भी हटाने की तैयारी की जा रही है। धर्मकांटा के निर्माण की राशि बेरियर एवं आरटीओ कार्यालय को जानकारी नहीं है, क्योंकि यह धर्मकांटा परिवहन विभाग के मुख्यालय से ▶▶ शेष पेज 12 पर



### 3 स्थल में से बेरियर पर बना धर्मकांटा

बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग की ओर से ओव्हरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए संभाग में 3 स्थलों पर धर्मकांटा बनाया जाना था। जिसमें गीदम, घाटलोहंगा टोल प्लाजा और धनपुंजी बेरियर में धर्मकांटा निर्माण का प्रस्ताव विभाग के मुख्यालय को भेजा गया था। विभाग ने इसमें से धनपूंजी बेरियर में धर्मकांटा का निर्माण किया गया, लेकिन जिस जमीन पर धर्मकांटा बनाया गया वह जमीन विवादित होने के चलते धर्मकांटा शुरू नहीं किया गया।



# हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा लगाया

**जगदलपुर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की रैली में शामिल होकर समर्थन दिया। उन्होंने कहा अपनी मांगों को लेकर सहकारी समितियों के हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा लगाना भाजपा सरकार की तानाशाही का प्रमाण है। साथ ही शांति से प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को बल पूर्वक धरना स्थल से हटाया जाना सरकार की मनमानी है। उन्होंने कहा पहली बार धान खरीदी की तैयारी में भारी ▶▶ शेष पेज 12 पर

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.............. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .............. 2. पिता / पति ..............
3. जन्म तिथि अंकों में .............. 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .............. पोस्ट .............. तहसील ..............
थाना .............. जिला .............. पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .............. मो. नं. 2 .............. वाट्सअप नं. ..............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


# 48 क्विंटल अवैध धान के साथ 2 पिकअप किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड

■ एसडीएम ने कार्रवाई कर थाने के सुपुर्द किया

■ ग्राम संधकरमरी, लिमोगुडा में पकड़ाया

ग्राम संधकरमरी तहसील बकावंड में महिंद्रा पिकअप बिना नंबर के सोल्ड वाहन का निरीक्षण किया गया। वाहन चालक कमलोचन महंत द्वारा 27.60 क्विंटल धान लोड किया जाना पाया गया। जिसके सम्बन्ध में दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जिस पर कार्रवाई करते 27.6 क्विंटल धान मय महिंद्रा पिकअप को जब्त कर थाना करपावंड के सुपुर्द किया गया। वहीं ग्राम लिमोगुडा तहसील बकावंड में महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 17 एच 2845 का निरीक्षण किया गया। वाहन चालक अक्षय गुप्ता द्वारा 20.5 क्विंटल धान का परिवहन किया जा रहा था। जिसके सम्बन्ध में दस्तावेज मांगे जाने पर कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इसलिए 20.5 क्विंटल धान मय वाहन को जब्त कर थाना बकावंड के सुपुर्द किया गया। यह कार्रवाई बकावड एसडीएम मनीष वर्मा ने की।



## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजनों को सहायता राशि के बार में दी गई जानकारी



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 मसोरा टोल प्लाजा मे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कॉर्पियो में सवार ग्राम भैंसाबेड़ा बड़ेडोंगर लखन मण्डावी, उसके पुत्र भूपेंद्र मण्डावी और भतीजे रूपेश मण्डावी के साथ गांव के नूतन मांझी और शत्रुघन मांझी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो गम्भीर रूप से घायल का रायपुर अस्पताल और चार घायलों को जिला अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती किया गया है. वहीं एक घायल को मामूली चोट आने से छुट्टी दे दी गई है। सभी पांचों मृतकों का बुधवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया।गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम, नायब तहसीलदार निधि नेताम एवं शिक्षा विभाग की ओर से एबीईओ उदित सोनी, ग्राम पंचायत विभाग संयुक्त रूप से मिलकर 5 मृतकों के परिजनों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। राजस्व विभाग की ओर से सड़क दुर्घटना में, शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली छात्र की दुर्घटना में प्रदान किए जाने वाले सहायता राशि एवं पंचायत विभाग से श्रद्धांजलि योजना के तहत एवं जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री बीमा योजना के संबंध में सहायता राशि मिलने संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दिया गया।

### छात्र- छात्राओं का स्कूल में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू



**कोण्डागांव।** जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान तेजी से जारी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम मोबाइल ऐप के माध्यम से शालाओं में पहुंचकर स्कूली छात्र–छात्राओं के आयुष्मान कार्ड तैयार कर रही है, ताकि बच्चों को समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी ने जिले के ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर अपने नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बन जाने से पात्र लोगों को उपचार के दौरान योजना में शामिल सभी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसी उद्देश्य से पूरे जिले में अभियान को गति दी गई है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक इस सुविधा से वंचित न रहे।

### एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की तिथि 25 नवंबर तक बढ़ी

**कोण्डागांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के तहत एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब किसान 25 नवंबर तक एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन, कैरीफारवर्ड, फसल पंजीयन और रकबा संशोधन कर सकेंगे। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिन किसानों का पंजीयन अभी शेष है, वे तहसील कार्यालय जाकर आसानी से नया पंजीयन और रकबा संशोधन करा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से यह अतिरिक्त समय दिया गया है। किसान पंजीयन संबंधी सहायता के लिए एग्रीस्टैक हेल्पडेस्क खाद्य विभाग टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। शासन द्वारा धान खरीदी पंजीयन में डुबान प्रभावित किसानों, वन पट्टाधारी कृषकों तथा शेष किसानों के हित में एक सप्ताह का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है, ताकि सभी पात्र किसान पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सकें।

# कोंडागांव के 301 बिहान समूहों को 11 करोड़ से अधिक का बैंक लिंकेज

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

विकास नगर स्टेडियम ग्राउंड में 17 नवम्बर को बूढ़ादेव महोत्सव, लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक सुश्री लता उसेण्डी, विधायक नीलकण्ठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बड़ा कदम उठाया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले के 301 महिला स्व–सहायता समूहों को कुल 11 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये का बैंक लिंकेज चेक के माध्यम से वितरण किया गया।



### जर्नी ऑफ डिग्निटी पुस्तक का हुआ विमोचन

कार्यक्रम के दौरान बिहान समूहों की आजीविका सफलता यात्राओं पर आधारित पुस्तक जर्नी ऑफ डिग्निटी स्टोरी ऑफ बुक का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, विकासखण्ड स्तरीय बिहान टीम, लखपति दीदी और बड़ी संख्या में महिला समूह सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्रवाई: अनिवार्य सेवा अधिनियम लागू होने से रद्द हुई अनुमति

# आंदोलनरत सहकारी समिति कर्मी ऑपरेटरों को एसडीएम ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहकारी समितियों के कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर तीन नवम्बर से कृषि उपज मंडी प्रांगण में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।

- हड़ताल स्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही

शासन ने इस हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए अनिवार्य सेवा अधिनियम लागू कर दिया है। बुधवार को तहसील कार्यालय में जिला प्रशासन ने प्रतिनिधियों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को जब कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त नहीं की तो जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में धरना, प्रदर्शन की अनुमति तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए प्रदर्शन स्थल खाली करने को कहा। सूचना मिलते ही एसडीएम ऋषिकेश तिवारी मंडी प्रांगण पहुंचे जहां हड़ताली कर्मचारियों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बन गई।





प्रदर्शन स्थल खाली करवाने की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के पदाधिकारी भी मंडी प्रांगण पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि शासन ने अनिवार्य सेवा अधिनियम लागू कर हड़ताल को अमान्य कर दिया है इसलिए आंदोलनकारियों को मिली अनुमति स्वतः ही निरस्त हो गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पूर्व में भी मंडी प्रांगण खाली करने के निर्देश दिए गए थे परंतु आदेश का पालन न करने पर आज उन्हें स्थल खाली करने पहुंचना पड़ा।

### हड़ताल से धान खरीदी कार्य प्रभावित

इधर सहकारी समितियों और कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की हड़ताल का खामियाजा किसानों को उठाना पड़ रहा है। पखनागुड़ा के किसान एंटी मंगाराजू ने बताया कि तीन दिनों से लैंप्स का चक्कर लगा रहे हैं। संस्था में बैठाए गए नए कर्मचारी न तो रकबा निकाल पा रहा हैं, न विवरण और न ही किसान का परिचय पत्र निकाल पा रहे हैं। संस्था में न टोकन की व्यवस्था है और न हमाल उपलब्ध हैं । जिससे किसानों का धान बाहर फड़ में पड़ा रह गया है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों से इसी संस्था में धान बेचते आ रहे हैं उनका पंजीयन भी हो चुका है। फिर भी नया कर्मचारी उनका नाम तक नहीं निकाल पा रहा। इसी समस्या को लेकर आज तहसीलदार को शिकायत की हैं।

### जायज मांगों पर शासन गम्भीर नहीं

सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण संघ के संभाग अध्यक्ष उत्तम सेठिया ने बताया कर्मचारियों की जायज मांगो को लेकर शासन गम्भीर नही है। हम पिछले कुछ वर्षों से केवल इतना ही कह रहे धान का सुखत, ऑपरेटरों को 6 माह के बदले सालभर का वेतन दिया जाय। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के रिक्त पदों पर 50 प्रतिशत सहकारी समितियों के कर्मचारियों को भर्ती मध्यप्रदेश की तर्ज पर छग में भी प्रबंधकीय अनुदान के रूप में प्रत्येक समिति को 3 लाख रुपए का प्रावधान किया जाए।

# सरकारी जमीन पर अवैध उत्खनन, पोकलेन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर के खुटडोबरा उच्च प्राथमिक शाला के सामने स्थित राजस्व विभाग की सरकारी भूमि पर अवैध मुरूम उत्खनन का मामला उजागर हुआ है। गुरुवार दोपहर माइनिंग विभाग को जानकारी मिली कि कलेक्ट्रेट से कुछ दूरी पर बिना अनुमति मिट्टी की खुदाई की जा रही है। टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए चैन माउंटेन जेसीबी पोकलेन मशीन जब्त कर लिया।

अधिकारियों के अनुसार ग्राम कोंडागांव स्थित खसरा नंबर 670/1 क की भूमि, जो बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में आती है, वहां बिना किसी वैध अनुमति के मुरूम उत्खनन किया जा रहा था। बताया गया कि बाईपास सड़क निर्माण अमला भूमि मरम्मत के नाम पर लगभग 0.202 हेक्टेयर क्षेत्र में खुदाई कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व, वन और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने स्थल पर पहुंचकर संयुक्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भाजपा नेता मनीष साहू मौके पर उपस्थित हुए और स्वीकार किया कि उत्खनन कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा था। इसके लिए किसी भी विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी। अधिकारियों ने इसे अवैध गौण खनिज उत्खनन का स्पष्ट मामला मानते हुए जेसीबी जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

माइनिंग विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति सरकारी भूमि में किसी भी प्रकार का उत्खनन प्रतिबंधित है। संबंधित व्यक्तियों और निर्माण अमले पर नियम अनुसार प्रकरण दर्ज किया जाएगा। विभाग ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध उत्खनन पर सख्त निगरानी रखे हुए है और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# जिले में अब तक 12 हजार क्विंटल से अधिक किसानों से धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले की 67 समितियों के उपार्जन केंद्रों में से 26 केंद्रों में अब तक 12,369 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों के लिए मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही समितियों के माध्यम से भी टोकन जारी किए जा रहे हैं।

- 26 केंद्रों में जारी है समर्थन मूल्य पर खरीदी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में ई–टोकन, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आर्द्रतामापी और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुगम हो सके। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव के अनुसार बुधवार तक सबसे अधिक धान खरीदी इन समितियों में हुई बहीगांव समिति 1755 क्विंटल, मुलमुला समिति 1640 क्विंटल, गम्हरी समिति 1638 क्विंटल, बफना समिति 1092 क्विंटल खरीदा गया है। जिले के पंजीकृत किसानों के लिए भूमि रकबे के आधार पर टोकन की व्यवस्था इस प्रकार की गई है। इसके अनुसार 2 एकड़.तक 1 टोकन, 2 से 10 एकड़ 2 टोकन, 10 एकड़ से अधिक 3 टोकन यह व्यवस्था किसानों को सुचारु ढंग से धान बेचने और केंद्रों पर भीड़ नियंत्रित करने में सहायक होगी।



# बाड़ागांव में धान खरीदी केंद्र बंद होने के विरोध में सैकड़ों किसानों ने दिया धरना

**फरसगांव/विश्रामपुरी।** एक ओर जहां सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में 15 नवम्बर से धान खरीदी शुरू करवाने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर केशकाल विधानसभा के ग्राम पंचायत बाड़ागांव में प्रशासन ने बजट के अभाव में धान खरीदी केंद्र ही बंद करवा दिया है। पिछले 3 साल से संचालित धान खरीदी केंद्र इस वर्ष अचानक बंद होने के विरोध में अब किसानों का गुस्सा फूटने लगा है। गुरुवार को 4 ग्राम पंचायत के सैकड़ों की संख्या में किसान विश्रामपुरी में धरने पर बैठ गए हैं। हालांकि विश्रामपुरी तहसीलदार और खाद्य अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर किसानों को समझाइश देने का प्रयास जरूर किया। लेकिन किसान प्रशासन की कोई भी बात मानने को तैयार नहीं हैं। किसानों का कहना है कि जब तक ग्राम बाड़ागांव में धान खरीदी केंद्र शुरू नहीं किया जाता तब तक हमारा यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अब देखना होगा कि आखिर प्रशासन किसानों की समस्या का कब तक निराकरण करने में कामयाब होती है।



- निर्णय से 4 पंचायत के 550 से अधिक किसान प्रभावित
- बजट का अभाव बता रहा प्रशासन

किसानों ने बताया कि ग्राम बाड़ागांव में धान खरीदी केंद्र खुलने से 4 ग्राम पंचायत के 550 से अधिक किसानों को सहूलियत मिल रही थी। चूंकि ब्लॉक मुख्यालय विश्रामपुरी से हमारे गांव की दूसरी 6-7 किलोमीटर है। सड़क भी अत्यधिक जर्जर है जिसके कारण आवागमन में भी काफी परेशानी होती है। खरीदी केंद्र बन्द हुआ तो हमने सीएम, कृषि मंत्री, विधायक और कलेक्टर को पत्राचार किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### धान नहीं खरीद रहे तो लोन माफ कर दें: किसान

किसानों का कहना है कि जब तीन वर्षों ने ग्राम बाड़ागांव में धान खरीदी केंद्र संचालित किया जा रहा था। तो अचानक ऐसा क्या हुआ कि प्रशासन ने केंद्र को बंद करवा दिया है। अधिकारी बजट के अभाव का हवाला दे रहे हैं। केंद्र के सुचारु रूप से संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए हम सभी किसान खर्च करने को भी तैयार हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारी धान खरीदी की शुरुआत नहीं कर रहे हैं। सरकार यदि हमारा धान नहीं खरीद सकती तो फिर हमने जो बैंकों से कर्ज लिया है उसे माफ कर दिया जाए।

### उच्चाधिकारियों को जानकारी दी: तहसीलदार

इस दौरान किसानों को समझाइश देने आए विश्रामपुरी तहसीलदार फनेश्वर सोम ने बताया कि हमने किसानों की मांग को हमने उच्चधिकारियों को अवगत करवा दिया है। अधिकारियों से जो मार्गदर्शन मिलेगा उस आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक उसेंडी ने किया दोनों विकासखंडों में लोकार्पण व भूमिपूजन

# कोंडागांव व माकड़ी के गांवों को दी 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने गुरुवार को कोंडागांव और माकड़ी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में लगभग 5 करोड़ 53 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये कार्य क्षेत्र में शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं और समग्र विकास को मजबूत करेंगे।

- क्षेत्र में शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं और समग्र विकास को मिलेगी मजबूती

विधायक उसेंडी ने ग्राम चिपावंड के डिपोपारा में 8.90 लाख रुपये की लागत से बने व्यावसायिक परिसर और हाई स्कूल चिपावंड में 11.66 लाख रुपये की लागत से निर्मित किचन शेड का लोकार्पण किया। माकड़ी विकासखंड के ग्राम तोरण्डी में 121.16 लाख रुपये की लागत से निर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, ग्राम हीरावंडी में 15 लाख रुपये के व्यावसायिक परिसर और ग्राम उडिदगांव में 121.16 लाख रुपये के हाई सेकेंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन किया गया। ग्राम पीढ़ापाल में बुदेश्वर घर के पास 4 लाख रुपये की पुलिया, अरगुला डुमूरतलाब के पास 4 लाख रुपये की पुलिया तथा 20 लाख रुपये की लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया।



### बालोंड और केरावाही में होगा हायर सेकेंडरी स्कूल व रंगमंच निर्माण

ग्राम बालोंड में 121.16 लाख रुपये की लागत से हायर सेकेंडरी स्कूल भवन और 2 लाख रुपये से रगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार ग्राम केरावाही में 121.16 लाख रुपये की लागत के हायर सेकेंडरी स्कूल भवन और पुजारीपारा–बाड्रा रोड में 3 लाख रुपये के रंगमंच निर्माण कार्य की नींव रखी गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल, श्रीमती भगवती नेताम, जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनपद पंचायत कोंडागांव के उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती जुगबती नेताम, पूजा शर्मा, पन्ना लाल नेताम सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### एक किमी लंबी...

संख्या में पूवर्ती पहुंचने लगे थे। यही वजह थी कि सैकड़ों की सख्या में पहुंचे लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। हिड़मा और उसकी पत्नी के शव को पूवर्ती मड्डेपारा स्थित घर से मुख्य मार्ग से होते हुए श्मशान घाट तक ले जाया गया। नक्सल जोड़े को एक ही चिता पर अग्नि दी गई। इस दौरान ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। नक्सल चीफ हिड़मा व उसकी पत्नी राजे का शव गृहग्राम पूवर्ती पहुंचने से पहले ही हिड़मा के घर से लेकर श्मशान घाट तक चप्पे चप्पे पर सुरक्षाबलों के जवान तैनात कर दिए गए थे। सीआरपीएफ के अलावा डीआरजी व डीएफ के दर्जनों जवानों की तैनाती की गई थी। जो पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

### अंग्रेजों से लड़ते...

ने एक षड्यंत्र के तहत तिलका मांझी को धोखे से पकड़ कर उनको फांसी पर लटका दिया। वह अंग्रेजों को चुनौती दे रहा था। उसे सैनिकों ने घोड़े से बांधकर 40 किलोमीटर तक घसीट कर बरगद के पेड़ पर फांसी पर लटका दिया था । बोडो भगत उनके दो बेटे हलधर और गिरधर तथा उनकी दो बेटियां रुनझुनू और झुंझुनू सबने अंग्रेज सरकार के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते लड़ते बोडो भगत का पूरा परिवार शहीद हो गया। भीमा नायक भी जनजाति समाज के क्रांतिकारी थे। उन्होंने तात्या टोपे के साथ मिलकर अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति में योगदान दिया। भोपाल राज्य की अंतिम शासिका रानी कमलापति ने भी अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में अपनी शहादत दी । बिरसा मुंडा जब छोटे थे पांचवी छठवीं में पढ़ते समय अंग्रेजी स्कूल में पढ़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने वैद्य के रूप में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक विद्याएं सीखी। अंग्रेजों के विरुद्ध बिरसा मुंडा ने सीधी लड़ाई लड़ी। अंग्रेजों ने उनको गिरफ्तार कर लिया और जेल में ही उनकी संदिग्ध मृत्यु हो गई । यज्ञ सिंह ने गोविंद गुरु, जाधव नाग, सेवालाल, कीलबाई भील, रानी दुर्गावती और वीर गुंडाधुर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया ।

### विवादित भूमि में...

निर्माण किया गया था, जिसकी जानकारी किसी को नहीं दिया गया है। बताया जा रहा है कि बाहर से आने वाली वाहनों की जांच के लिए धर्मकांटे की जरूरत पड़ती है। ओव्हरलोड चलने वाली वाहनों से जुर्माना वसूला जाता है। इसके लिए धर्मकांटा में वाहन सहित लोड की गई सामग्री का वजन किया जाता है। **धर्मकांटा की फइल नहीं**– संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि धनपूंजी में विभाग के मुख्यालय की ओर से धर्मकांटा का निर्माण किया, इसकी कोई फाइल बेरियर एवं आरटीओ के कार्यालय में नहीं है।

### हड़ताली कर्मचारियों...

खामी और अव्यवस्था है। यह सरकार विज्ञापनों, होर्डिंग में अपनी वाहवाही करने में व्यस्त है। हम सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ सहकारी समिति महासंघ के साथ खड़े है। इस दौरान रविशंकर तिवारी, विजेंद्र ठाकुर, अल्ताफ उल्ला खान, निकेत झा,अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, तरनजीत सिंह,आदर्श दलाई, उस्मान रजा मौजूद रहे ।

**खबर संक्षेप**

### पंजीयन व फसल-रकबा सुधार की तिथि बढ़ी

**बीजापुर।** किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए खरीफ वर्ष के लिए किसान पंजीयन एवं फसल-रकबा सुधार की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब जिन किसानों का पंजीयन शेष है या जिन्हें अपनी फसल एवं रकबे से संबंधित जानकारी में संशोधन करना है, वे 19 नवंबर से 25 नवंबर तक किसान पोर्टल के माध्यम से आवश्यक सुधार कर सकेंगे। यह विशेष अवसर जिले के शेष कृषकों, डूबान प्रभावित किसानों एवं वन पट्टाधारी कृषकों के लिए अत्यंत उपयोगी माना जा रहा है, जिससे वे अपनी अद्यतन जानकारी समय पर दर्ज कर आगामी समर्थन मूल्य खरीदी व्यवस्था का लाभ ले सकें।

### एसआईआर फॉर्म भरते समय साइबर ठगी से सतर्क रहें

**बीजापुर।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जोर देकर कहा है कि बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। मुख्य निर्देश और चेतावनी बिंदु- कॉल आने पर तुरंत मना करें, यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है वह हमें दे दीजिए तो उन्हें तुरंत मना कर दें। बीएलओ से सीधे संपर्क करें। आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

### लंबित पीएम आवास कार्यों को पूरा करने के निर्देश



**बीजापुर।** नियद नेल्लानार अंतर्गत ग्राम पंचायत बारेगुड़ा में आज प्रातः 8 बजे सैचुरेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा पंचायत अमला की उपस्थिति में ग्रामवासियों के साथ बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने शासन की विभिन्न व्यक्तिगत एवं समुदाय मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर ग्रामीणों से प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत बारेगुड़ा के जर्जर भवनों का भी स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# आलू, बोरा, मेढ़क दौड़ और मुर्गा लड़ाई में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



संकुल स्तरीय बाल महोत्सव सह पालक बालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन गीदम ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल समलूर के प्रांगण में हुआ।

जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ग्राम पंचायत समलूर सरपंच मोतीराम शोरी, जनपद सदस्य पवन कर्मा, रुचिका क्षत्रिय, ग्राम पंचायत बडेसुरोखी, सियानार, बिनजाम, झोड़ियाबाडम के सरपंच गण तथा शासकीय हाई स्कूल समलूर के एसएमडीसी अध्यक्ष महादेव ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि इस आयोजन में उपस्थित रहे। मंचासिन अतिथियों ने सभी बच्चों को खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया तथा 50 मीटर दौड़ से खेल प्रारंभ हुआ। इस आयोजन में प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल एवं ग्रामीण पुरुष व महिला वर्ग के बीच विभिन्न खेल हुए। खो खो, कबड्डी,वालीबॉल, लंबीकूद, उचिकूद, भाला फेंक, गोला फेक, तवा फेक 50मीटर, 100मीटर,100x4 मीटर रिले रेस, आलू दौड़, बोरा दौड़, मुर्गा लड़ाई, मेढक दौड़, कुर्सी दौड़ आदि खेल हुआ। साहित्यिक विधाओं में निबंध लेखन, कविता लेखन, तात्कालिक भाषण, क्विज तथा सांस्कृतिक विधाओं में एकल, युगल, सामूहिक गीत एवं नृत्य रंगोली, मेंहदी, गुलदस्ता सजाओ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिवस बस्तर सांसद महेश कश्यप ने शिरकत की तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी रहे तथा अध्यक्षता शकुंतला भास्कर ने किया एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश कौशल जनपद उपाध्यक्ष, पवन कर्मा, रुचिका क्षत्रिय जनपद सदस्य, एवं पांचों ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच गण रहे। इस आयोजन के प्रेरक रहे संकुल प्राचार्य रायसिंह कावड़े व प्रधानाध्यापक संजय ठाकुर जिन्होंने इस आयोजन की विस्तृत रूपरेखा बनाई तथा कार्य सम्पादन में दोनों संकुल समन्वयक मैनू राम नेताम , कमलेश गोटामे, व्याख्याता नारायण साहू, श्रीनाथ नाग, गंगाधर नेताम, कन्या आश्रम के प्रधानाध्यापक श्यामलाल शोरी, सदा राम नेताम, दोनों संकुल के सभी शिक्षक, प्यून एवं स्वीपर, मध्यान्ह भोजन रसोइया आदि का सक्रिय योगदान रहा।

विधायक अटामी ने समलूर में हायर सेकेंडरी स्कूल उन्नयन, बालक-बालिका छात्रावास शीघ्र ही करवाने की घोषणा की, जिस पर सभी ने विधायक का धन्यवाद किया। संकुल प्राचार्य रायसिंह कावड़े ने बच्चों को सभी परिस्थितियों में डटकर सामना करने की प्रेरणा दी।

## विधायक ने कृषकों को वितरित किए वर्मी बेड एवं पाइप

# दलहनी फसलों को बढ़ावा देने दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले में जनजातीय उप-योजना के अंतर्गत आज जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में कृषक प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

- जावंगा के ऑडिटोरियम में हुआ कृषक प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी

राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो कुशमौर, मऊ उत्तरप्रदेश तथा कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में जिलेभर से आए किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कृषकों को कहा कि हमारे पूर्वजों की खेती प्राकृतिक अनुकूल परिस्थितियों पर आधारित थी, जहां तीन महीनों में फसल तैयार हो जाती थी। लेकिन समय के साथ जलवायु परिवर्तन ने खेती पर सीधा प्रभाव डाला है। ऐसे में किसानों के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों और आधुनिक तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे छोटे बच्चों को समय-समय पर टीकाकरण की जरूरत होती है, उसी प्रकार फसलों की भी नियमित देखभाल और उचित उपचार आवश्यक है। उन्होंने जिले में भूमिगत जल के अति दोहन एवं उसके दुष्प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा कि जल संरक्षण किया जाना अब अनिवार्य हो गया है अन्यथा भावी पीढ़ी को इसका दुष्परिणाम भयावह जल संकट के रूप में झेलना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले जहां 150 फीट पर पानी मिल जाता था, वहीं आज कई जगहों पर पानी 500 फीट से भी नीचे चला गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए तालाब, चेक डैम, बाँध निर्माण और जल प्रबंधन पर ध्यान देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

विधायक ने किसानों को परंपरागत फसलों जैसे सरसों, कुल्थी, राहर, उड़द की खेती को प्रोत्साहित करने, जैविक खेती अपनाने और हर घर में गाय पालन को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए कहा कि संगठित रूप से चरवाहा व्यवस्था अपनाकर पशुपालन को लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने केरल प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि वहां की उन्नत कृषि तकनीकों और फसल विविधता से जिले के किसानों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने दंतेवाड़ा में जैविक कृषि बाजार की स्थापना और जैविक उत्पादों को उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए सरकार के समक्ष मजबूत अनुशंसा करने की बात भी कही। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की तरक्की ही जिले के विकास की आधारशिला है, और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि दोनों मिलकर लगातार प्रयासरत हैं। इस क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि दन्तेवाड़ा जिला की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि यह जैविक कृषि के मामले में अन्य क्षेत्रों आगे है। जहां अन्य क्षेत्र जैविक कृषि में जगह बनाने के लिए अपने प्रारंभिक प्रयास कर रहे है वहीं दन्तेवाड़ा जिला जैविक कृषि के चलते देश में अपना एक मुकाम बना चुका है। अब हमें जैविक कृषि के अगले चरण में उन्नत लक्ष्यों जैसे फसल उत्पादकता बढ़ाने के नवीन तरीकों तथा सतत कृषि की आवश्यकता, जैव उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, जैविक फसलों के बाजार मूल्य और मार्केटिंग जैसे बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करना है।

### कर्मचारियों ने आंदोलन किया स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

प्रदेश स्तरीय चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारियों का आंदोलन जिला इकाई बीजापुर सहित पूरे प्रदेश में जारी था। किंतु किसानों के

- धान उपार्जन कार्य सुचारू रूप से होगा जारी

हितों को सर्वोपरि रखते हुए कर्मचारियों ने धान उपार्जन कार्य को प्रभावित न होने देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

आज जिला सहकारी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि धान उपार्जन की प्रक्रिया निर्विघ्न और सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए कर्मचारियों का आंदोलन तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। समिति ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे छत्तीसगढ़ शासन की धान उपार्जन नीति के अनुरूप पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। जिला इकाई के अध्यक्ष आलम रान खान एवं समिति सदस्यों ने हड़ताल समाप्त करते हुए पुनः कार्यभार संभालने की जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने देंगे।

आंदोलन स्थगन का औपचारिक आवेदन अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल को सौंपा गया। समिति ने प्रशासन को विश्वास दिलाया है कि धान उपार्जन कार्य पूर्णतः सुचारू रहेगा तथा किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# कलेक्टर व एसपी ने तिमेड़ धान जांच नाका का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



राज्य में चल रही धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बुधवार 19 नवंबर को तिमेड़ धान जांच नाका का औचक निरीक्षण किया।

यह महत्वपूर्ण नाका तेलंगाना और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित है, जहाँ से अवैध धान परिवहन की आशंका बनी रहती है। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य अन्य राज्यों की तुलना में अधिक होने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध धान के आवक की संभावना बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने नाका में तैनात निगरानी दल को सातों दिन, 24 घंटे सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी मालवाहक वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने, दस्तावेजों की बारिकी से जांच-पड़ताल करने तथा संदेहास्पद गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नाका की व्यवस्थाओं, जांच रजिस्टरों, सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा प्रबंधन का भी जायजा लिया।

कलेक्टर एवं एसपी द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण से धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं अवैध परिवहन पर नियंत्रण को लेकर प्रशासन की गंभीरता स्पष्ट होती है।

# उत्साह के साथ मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ागुड़ा में बाल दिवस सप्ताह कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसबीआई संजीवनी टीम बस्तर के द्वारा किया गया था।

- गुड टच, बेड टच, बाल अधिकार, और सुरक्षित रहने किया जागरूक

कार्यक्रम में कुल 76 बच्चों और 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता प्रदान की। एसबीआई संजीवनी टीम द्वारा बच्चों को बाल अधिकार, बचपन उत्सव, और बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। टीम ने बच्चों को वीडियो के माध्यम से गुड टच, बेड टच, बाल अधिकार, और सुरक्षा जागरूकता के विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए चित्रकला, निबंध, रंगोली, प्रश्नोत्तर, और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

बच्चों के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाल कर बाल श्रम और बाल विवाह पर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। जिला समन्वयक के द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया गया और संस्था के द्वारा सभी विजेताओं बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में साधना पवार प्राचार्य, परिवर्तन समाज विकास समिति किस जिला समन्वयक सूरज पटनायक डॉ. मरकाम सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों व स्कूली बच्चों की अहम भूमिका रही।

### अपर कलेक्टर ने एसआईआर प्रक्रिया का लिया जायजा



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत चल रहे सर्वे कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेने आज मसेनार-1 क्षेत्र में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने घर-घर सर्वे की वास्तविक स्थिति, भरे जा रहे प्रपत्रों की शुद्धता, मतदाता सूची से संबंधित तथ्यों के सत्यापन तथा फील्ड टीमों की कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सर्वे स्टाफ को निर्देशित किया कि सभी पात्र मतदाताओं का सही-सटीक विवरण दर्ज किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। अधिकारियों ने सर्वे टीमों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया जिले में पारदर्शिता, सटीकता और निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण आधार है।

### एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के छात्र मयंक ने हासिल किया तीसरा स्थान



**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के यांत्रिक अभियंत्रण (मैकेनिकल) तृतीय सेमेस्टर के छात्र मयंक नंद गया ने राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, भिलाई द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मयंक ने अपने दमदार प्रदर्शन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के दम पर प्रतिस्पर्धा में शानदार सफलता हासिल की। उनका यह उपलब्धि संस्थान के लिए गौरव का विषय है और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी। संस्थान के प्राचार्य, संकाय सदस्य एवं प्रबंधन ने मयंक नंद गया की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और प्रशंसा व्यक्त की। प्राचार्य ने कहा कि मयंक की सफलता छात्रों के लिए प्रेरणादायी है और यह दर्शाती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और नियमित परिश्रम से किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है।

# बच्चों ने पारंपरिक व्यंजनों का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



वार्ड क्रमांक 8 स्थित हाई स्कूल में शुक्रवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा के विधायक चैतराम अटामी शामिल हुए। उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, वार्ड पार्षद चंदन सिंह ध्रुव, जनपद सदस्य कुनाल ठाकुर और रामू राम नेताम भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। जिसके बाद बच्चों ने पारंपरिक स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया। मंच पर बच्चों के सांस्कृतिक नृत्य ने भी दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

मुख्य अतिथियों ने चयनित छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की। इस अवसर पर विधायक अटामी ने कहा कि साइकिल वितरण योजना से विद्यार्थियों की शिक्षा तक पहुंच सरल होगी, खासकर उन बच्चों के लिए जो दूरस्थ इलाकों से विद्यालय आते हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

### जिला अस्पताल में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



जिला अस्पताल बीजापुर में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना एचडीएमसी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से महत्वपूर्ण पहलें शुरू की गई हैं।

विगत वर्ष राज्य एवं संभाग स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली आपातकालीन तैयारी विषय पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसके आधार पर प्रदेश के चयनित 7 जिलों में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना का गठन किया गया है। बीजापुर जिला भी इनमें शामिल है। योजना के व्यवहारिक क्रियान्वयन को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ वंदना चौहान को चयनित जिलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है। वे अस्पतालों को हैं होल्डिंग, मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान कर रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन तंत्र को दक्ष बनाया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर के नेतृत्व एवं निरंतर निगरानी में संपूर्ण प्रक्रिया को गति मिल रही है। इसी क्रम में जिला अस्पताल में एक बहु विभागीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें फायर विभाग, विद्युत विभाग तथा पीडब्लूडी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# दुर्गम गांव गमपुर पहुंची जनपद की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर की सीमाओं से घिरे अत्यंत दुर्गम ग्राम गमपुर में 18 नवंबर को पहली बार विकासखंड स्तर का कोई अधिकारी पहुंचा।

जनपद पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी

- 60 जॉब कार्ड एवं 68 मतदाता कार्ड वितरित

सीईओ पीआर साहू, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गवेल, एडीईओ मेघराज वट्टी, तकनीकी सहायक तोरण उर्वशा, सेल्समैन हरीश उर्वशा, सरपंच वामन कड़ती, सचिव बिल्लाराम एवं जनपद कर्मचारी प्रेम यादव की टीम ने



जंगलों, नदी-नालों और बीहड़ पहाड़ी मार्गों को पार करते हुए ग्राम गमपुर तक पहुंचकर ऐतिहासिक पहल की। सीईओ ने बताया कि सुकमा जिले के गौटपल्ली में सुरक्षा कैंप स्थापित होने के बाद ग्राम पंचायत गमपुर गमपुर, कुंएम एवं अन्ड्री, को नियद नेल्लानार योजना में शामिल किया गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश के तहत जनपद टीम बीजापुर से दंतेवाड़ा, बचेली होते हुए किरंदुल पहुंची और वहां से 24 किमी मोटरसाइकिल यात्रा के बाद मलगेर नदी, बंजर पहाड़ी की तीन किमी पैदल राह तथा छह छोटे नालों को पार कर गमपुर पहुंची। यह मार्ग अत्यंत कठिन और जोखिमपूर्ण बताया गया।

ग्रामीणों को मिला योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ- गांव पहुंचकर जनपद टीम ने ग्रामीणों को सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी तथा 60 परिवारों को मनरेगा जॉब कार्ड और 68 ग्रामीणों को मतदाता परिचय पत्र वितरित किए। पूर्व सरपंच धन्नूराम मंडावी एवं ग्रामीण सुभाष मंडावी की मांग पर सीईओ ने बताया कि कलेक्टर द्वाराबिना मांग के ही 5 आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन एवं तालाब निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी गई है। ग्राम में स्वीकृत 59 आवासों के कार्य प्रारंभ कराने लिए सरपंच व सचिव को निर्देश दिए गए।

**समस्याओं पर दिखाई संवेदनशीलता**

सीईओ ने ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने तथा बैंक खाता खोलने के लिए प्रेरित किया। ग्रामवासियों ने आधार एवं प्रमाण पत्रों हेतु पीड़िया में शिविर लगाने तथा राशन दुकान गंगालूर से हटाकर पीड़िया में शुरू करने का निवेदन किया। इस पर सीईओ ने आश्वासन दिया कि कलेक्टर के समक्ष विषय को रखकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत गमपुर, कुंएम, अन्ड्री में कुल 359 परिवार रहते हैं, जिनमें से केवल 102 के पास आधार कार्ड, 98 के पास ईपिक कार्ड तथा 68 के पास बैंक खाते हैं। सीईओ साहू ने शीघ्र ही पीड़िया में सैचुरेशन शिविर आयोजित कर सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही ग्रामीणों को पेंशन, महतारी वंदन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया गया। दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचकर सीधे सेवा उपलब्ध कराने प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों के लिए उम्मीद और विश्वास का नया संदेश लेकर आई है।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./क/ ब 121/ 2025-2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नारायण सिंह कश्यप पिता समलु राम कश्यप जाति मुरिया निवास ग्राम बोड़नपाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री... पिता/पति समलुराम की पिता सुकुल मृत्यु दिनांक 01/12/2023 को ग्राम बोड़नपाल में होना बताते हुए जन्म/मृत्यु 01/12/2023 होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 24/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

## खबर संक्षेप

### एसआईआर फॉर्म भरते समय साइबर ठगी से सतर्क रहें

**जगदलपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। इस दिशा में स्पष्ट किया गया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जोर देकर कहा है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है।

### नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन 25 तक

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों का नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन हेतु अतिरिक्त समय में वृद्धि करते हुए इसे 25 नवम्बर तक कर दिया गया है। किसान अब सम्बंधित तहसील कार्यालय में जाकर नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन करवा सकते हैं।

### प्लेसमेंट कैंप 28 को

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा शुक्रवार 28 नवंबर को आड़ावाल स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने करें पहल

## कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर एवं पदेन अध्यक्ष स्वशासी समिति स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल डोमन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को मेडिकल कॉलेज के सभाकक्ष में स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा किया गया, साथ ही गत स्वशासी समिति की बैठक में हुई निर्णयों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा किया गया और किलकारी योजनांतर्गत मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में अतिशीघ्र झूला घर प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान कमिश्नर ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर अंचल के जनता की चिकित्सा जरूरतों को ध्यान रखकर उन्हें संवेदनशीलता के साथ उपचार सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने वर्तमान में मोतियाबिंद पीड़ितों के ऑपरेशन के लिए उपयुक्त समय को मद्देनजर रखते हुए सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं कोंडागांव जिले के चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन करने पर बल दिया और सर्वप्रथम दो आंखों में मोतियाबिंद पीड़ितों को प्राथमिकता देने कहा। कमिश्नर ने बायोमेडिकल वेस्ट को छोड़कर अन्य ठोस अपशिष्ट के निपटान हेतु नगर पालिक निगम के सहयोग से आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में नई ट्रांजिट हॉस्टल में शीघ्र बिजली की व्यवस्था करने, कॉलेज कांफ्रेंस हॉल एवं सेमिनार हॉल का नवीनीकरण, तोकापाल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित छात्रावास भवनों का आवश्यक मरम्मत करने, ई-ऑफिस के संचालन हेतु हाई स्पीड लीज लाईन कनेक्शन लेने, जेम पोर्टल से डायलिसिस मशीन एवं प्रोब क्रय करने सहित मेडिकल कॉलेज परिसर के गेस्ट हाउस में कैंटीन संचालन के लिए टेंडर जारी करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम प्रवीण वर्मा, अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज एवं सदस्य सचिव डॉ. प्रदीप बेक सहित स्वशासी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### टीकाकरण पर जोर

कलेक्टर हरिस एस ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में संस्थागत प्रसव सुविधा से लाभान्वित शिशुओं का सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं फिजियोथेरेपी कॉलेज के लिए उपलब्ध करवाए गए वैकल्पिक भवन का आवश्यक मरम्मत छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन के माध्यम से करवाने कहा। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुरूप पीड़ितों को लाभान्वित किए जाने पर बल दिया।

## राजीव भवन में हुई बैठक में युवा संगठन को आगे ले जाने का आव्हान

# युवा कांग्रेस के शहर और ग्रामीण अध्यक्ष ने पद मिलते ही कहा पार्टी को मजबूत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में बस्तर जिला युवा कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष शहर निकेत राज झा व ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड के साथ संगठनात्मक बैठक हुई।

मौर्य ने कहा कि युवा कांग्रेस की पार्टी में अहम भूमिका होती है । युवाओं में सर्वाधिक ऊर्जा होती है, देश का भविष्य युवाओं के कंधे पर है। युवा कांग्रेस संगठन की रीढ़ है। जितने भी बड़े नेता हुए वह युवा कांग्रेस की ही देन है। प्रदेश में हमें पूरी ताकत के साथ सत्ता में वापसी करनी है। दोनों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते राष्ट्र निर्माण और युवा वर्ग की आवाज को मजबूती से बुलंद करते रहने की अपेक्षा की।

नवनियुक्त अध्यक्ष निकेत राज झा ने कहा कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा,लगन और ईमानदारी से कांग्रेस की रीति नीति के साथ कार्य करेंगे।




### सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ करेंगे काम

ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड ने कहा यूथ कांग्रेस पार्टी का मजबूत और ऊजार्वान प्रकोष्ठ है। जो सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का माद्दा रखता है। पार्टी को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो कांग्रेस की विचारधारा में लिप्त होकर संगठन को नयी दिशा दे सकें। बस्तर जिला युवा कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में युवाओं के मुद्दों को लेकर हमेशा संघर्षरत रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता कोमल सेना, विक्रम सिंह डांगी, राष्ट्रीय प्रवक्ता युवा कांग्रेस जावेद खान, जीशान कुरैशी, कविता साहू, रवि शंकर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ राजेंद्र पटवा, अनुराग महतो, लव मिश्रा, अकीब रजा, मोईन अख्तर, अपर्णा बाजपेई, पार्षद शुभम यदू, एस नीला, पल्लव यादव, तरनजीत सिंह, कमलेश पाठक, संजय नाग, संतोष कश्यप, सेनारू नाग, विजय भारती, रौशन पानी, आदर्श दलाई, मोहनीश नाग, आदर्श नायक, उस्मान रजा, नीतीश शर्मा,समीर कुरैशी, साहिल, प्रभुदास नाग मौजूद रहे।

## राजीव भवन में इंदिरा गांधी और महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पमाला, दीप प्रज्वलित कर ।द्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात विचार गोष्ठी में उनके योगदान को याद किया गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा इंदिरा गांधी साहसपूर्ण कार्य और देशहित में सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी। मौर्य ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई वीरता, साहस और स्वतंत्रता की प्रतीक थीं। जिन्होंने अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध संघर्ष किया। वहीं इंदिरा गांधी का योगदान आधुनिक भारत के निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और दृढ़ नेतृत्व में अविस्मरणीय रहेगा। दोनों ने देश की अस्मिता, स्वाभिमान और शक्ति का मार्ग प्रशस्त किया।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता कोमल सेना, विक्रम सिंह डांगी, कविता साहू, राष्ट्रीय प्रवक्ता युवा कांग्रेस जावेद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष जीशान कुरैशी, रवि शंकर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ राजेंद्र पटवा, सहदेव नाग, प्रदेश को ऑर्डिनेटर एवं बस्तर संभाग प्रभारी आईटी सेल अनुराग महतो, शहर जिला मीडिया प्रभारी शादाब अहमद, लव मिश्रा, अकीब रजा, मोईन अख्तर, अपर्णा बाजपेई, पार्षद शुभम यदू, एस नीला, सलीम जाफर अली, पल्लव यादव, तरनजीत सिंह, कमलेश पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।

## मुख्यधारा में लौटे लोगों का नवजीवन

# कैफे पंडुम पहुंचे महेश गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर जिले के भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा गुरूवार को सुबह चाय नास्ता के लिए कैफे पंडुम पहुंचे। उन्होंने 3 दिन पहले 17 नवंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किए गए शुभारंभ को मुख्यधारा में लौटे लोगों के लिए नया जीवन बताया। साथ ही कहा कि पंडुम अपने आप में परिपूर्ण शब्द है। दक्षिण बस्तर में आदिवासियों का अलग अलग मौके पर उत्सव मनाना ही पंडुम कहलाता है। इस लोक शब्द में अंग्रेजी शब्द कैफे का जुड़ना सही नहीं लग रहा है । इसकी जगह कोई लोक बोली का शब्द जुड़ जाता तो बेहतर होता । वैसे भी केवल पंडुम कहना ही पर्याप्त है। हरिभूमि से चर्चा में पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश में शांति लाना चाहते है। उनके पहल और सहयोग से छत्तीसगढ़ में शांति की ओर तेजी से काम हो रहा है। आज यहां पहुंचकर समर्पित और नक्सल पीड़ति युवाओं को लगन से काम करते हुए देखना सुखद रहा। वैसे भी बस्तर का आदिवासी सहज सरल और शांत प्रवृति का होता है। अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन जीना हर कोई चाहता है। आज उनके चेहरे और बातचीत से लगा कि हिंसा और खुन खराबा का रास्ता सही नहीं है।

## बिहार में शपथ ग्रहण में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष

# सुशासन और जनसेवा की जीत : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा तथा छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने शपथ ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बिहार जाकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने जीत और पद की शुभकामनाएं दी।

किरण देव ने इसे जनता के सुशासन, स्थिरता और विकास की जीत बताते कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विश्वास जताया है। नई सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ जनता की आकांक्षाओं पर खरी उतरेगी और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुशासन व विकास के कार्य नई ऊंचाइयां छुएंगे। उन्होंने नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश उनके संगठन कौशल, समर्पण और लोकप्रियता का प्रमाण है।

# वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नेशनल लोक अदालत पर न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं की हुई बैठक



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोंविद नारायण जांगड़े, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवप्रकाश त्रिपाठी द्वारा 19 नवंबर को जिला न्यायालय परिसर के मध्यस्थता कक्ष में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, पदाधिकारियों तथा अन्य अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित किया गया। आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में चर्चा करते हुए समस्त न्यायालयों में लंबित आपराधिक, व्यवहार वाद, मोटर दुर्घटनादावा, चेक बाउंस, बीमा एवं धारा 138 निई एक्ट से संबंधित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु प्रकरणों से संबंधित पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किए जाने हेतु प्री-सिटिंग किए जाने एवं नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को लोक अदालत की महत्ता बताया। उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया तथा आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु प्रेरित भी किया गया।

# छात्रावास अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

- छात्रावास में भोजन बनाते झुलसा था छात्र

खबर का असर

विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत बारदा के बालक छात्रावास में विगत दिनों छात्र सुमन भद्रे छात्रावास अधीक्षक एवं रसोइया की अनुपस्थिति में अन्य बालकों के लिए भोजन तैयार करते समय गरम तेल से झुलस गया था। छात्रावास अधीक्षक सोनाधार गोयल को जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।


मेडिकल कॉलेज में घायल की हालत गंभीर

छात्रावास में भोजन बनाता छात्र झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

# सक्षम का नशामुक्त बस्तर मेरा योगदान अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- युवा पीढ़ी को नशे से बचाने प्रशासन, पुलिस से सहयोग का आग्रह



सनातन क्षेत्रीय मंच ने बस्तर में बढ़ते मेडिकल नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने और युवाओं को सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से नशामुक्त बस्तर मेरा योगदान अभियान की शुरूआत की है। अभियान का नेतृत्व सक्षम के संयोजक अविनाश सिंह गौतम कर रहे हैं। सक्षम ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को मांगपत्र सौंपकर इस महत्वपूर्ण सामाजिक मुहिम में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। गौतम ने बताया कि बस्तर में मेडिकल नशा विशेषकर ट्रामाडॉल, कोडीन, इंजेक्शन आधारित दवाओं का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है। जिसके लिए मेडिकल स्टोर्स में जागरूकता बढ़ाना, अवैध बिक्री पर निगरानी रखना और प्रतिबंधित दवाओं की उपलब्धता रोकना आवश्यक है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, युवा समूहों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर बड़े पैमाने पर नशारोधी जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इस दौरान कुणाल चालीसगांवकर, शुभम गुप्ता,भवानी सतपथी, अजय सेठिया, दिव्य नारायण साहू, संजय चंदा, भागीरथी प्रसाद मौर्य, सुनील नत्थानी,अजित पोड़ाल, डिंपू सिंह,ओम साहू, सोनू बघेल, निहांशु सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## परपा में घर घर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत परपा में एसआईआर को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। उनके साथ पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला ग्रामीण जिलाध्यक्ष, हेमू उपाध्याय, योगेश बैज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष निकेत राज झा, ग्रामीण अध्यक्ष अभिषेक डेविड, अनुराग महतो, तरनजीत सिंह,नीतीश शर्मा, आदर्श दलाई सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुरानी स्मृतियां हुई जीवंत, पुराने साथी नई उमंग के साथ हुए जज्बाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर हाई स्कूल में शताब्दी समारोह का हुआ उल्लासपूर्ण समापन
- पूर्व छात्रों की थिरकन से गूंजा मंच



बस्तर हाई स्कूल के सौ साल पूरे होने पर आयोजित भव्य शताब्दी समारोह का समापन बुधवार को उत्साह और अविस्मरणीय क्षणों के साथ हुआ। 1926 में प्रारंभ हुई इस संस्थान की यात्रा ने जब जश्न का रूप लिया तो परिसर यादों, मुस्कानों और मित्रता की अनगिनत कहानियों से भर गया। तीन दिवसीय आयोजन का समापन रंगीन, जीवंत और उत्सव जैसा रहा।

सुबह से ही पुराने और नए शिक्षकों, पूर्व स्टाफ तथा विभिन्न पीढ़ियों के छात्रों का निरंतर समागम होता रहा। जैसे ही किसी बैच का नाम पुकारा जाता, पूर्व छात्र कंधे से कंधा मिलाए, हाथों में हाथ डाले, उत्साह से लबरेज होकर मंच की ओर दौड़ पड़ते। मंच पर पहुंचकर दशक पुराने साथी मानो फिर से अपने स्कूल दिनों में लौट आते हंसी, गले मिलना, फोटो सत्र और पुराने संस्मरणों का सिलसिला लगातार चलता रहा।

डीजे की धुन बजते ही मंच नृत्य-स्थल में बदल गया। बैच दर बैच छात्र गीतों और ताल के साथ झूमते रहे। किसी बैच को मंच से उतारकर अगले बैच को बुलाना भी एक रोचक चुनौती बन गया क्योंकि मंच पर पहुंचते ही हर समूह अपनी उमंग में खो जाता था। उत्साह का यह प्रवाह शाम से रात में और फिर देर रात तक बिना थमे चलता रहा। स्कूल परिसर के हर कोने में पुराने दिनों की यादें ताजा हो रहीं थीं। छात्र अपने पुराने कक्षाओं में झांकते, पेड़ों के नीचे बिताए समय को याद करते, खेल मैदान को निहारते और भावुक भी होते दिखे। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच वर्षों से बिछड़ी बातचीतें फिर से शुरू हुईं। किसी ने करियर की कहानियां सुनाईं, किसी ने अपनी शरारतें दोहराईं तो किसी ने अपने गुरुजनों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया।

### सदी का उत्सव, सौहार्द का अमिट रंग

बस्तर हाई स्कूल का शताब्दी समारोह पूर्व छात्रों की हृदयस्पर्शी भागीदारी, यादों की गर्माहट और संगीत की लय से सराबोर रहा। तीन दिनों तक परिसर भावनाओं, उल्लास और जुड़ाव की अनोखी ऊर्जा से भरा रहा। मंच पर पहुंचे बैच-दर-बैच छात्रों ने कंधों पर हाथ रखकर थिरकते हुए अपने पुराने दिनों को फिर से जी लिया। स्कूल प्रबंधन और पूर्व छात्रों की संयुक्त पहल ने इस आयोजन को ऐतिहासिक क्षण में बदल दिया। जिसमें शिक्षा, संस्कृति और मित्रता के सौ वर्षों का उत्कृष्ट समागम एक साथ दिखाई दिया।

